52/GA/CC/M-2026-28

Booklet Series

A

Serial No. 1015925

Candidate's Roll Number

Question Booklet

ZOOLOGY

Time Allowed : 2 Hours

Maximum Marks : 100

Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.

IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains 100 questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached Answer Sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet and the series encoded in Answer Sheet are same. Also please check that the Question Booklet contains 32 printed pages including two pages (Page Nos. 30 and 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or Question Booklet and Answer Sheet have different series. If you find any defect in this Question Booklet and attached Answer Sheet, get it replaced immediately by a complete Question Booklet with OMR sheet of the same series.**
6. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
7. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
8. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Question Booklet. Each question comprises of **four** responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
9. In the Answer Sheet, there are **four** circles - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
10. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
11. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
12. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

 ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

1. Water Vascular System is found in -

(A) Porifera

(B) Mollusca

(C) Echinodermata

(D) Coelenterata

2. Animals of which phylum have jointed legs?

(A) Mollusca

(B) Nematoda

(C) Arthropoda

(D) Annelida

3. Man in life-cycle of Plasmodium is-

(A) Primary Host

(B) Secondary Host

(C) Intermediate Host

(D) None of the above

4. Which of the following animals has no blood but respires?

(A) Cockroach

(B) Earthworm

(C) Hydra

(D) None of the above

5. Which of the following Vertebrates are without teeth?

(A) Jawless fishes

(B) Turtles and tortoises

(C) Birds

(D) More than one of the above

6. Fossils are generally found in -

(A) Sedimentary Rocks

(B) Igneous Rocks

(C) Metamorphic Rocks

(D) None of the above

7. "Organ grade" body organisation begins in animals from which Phylum?

(A) Aschelminthes

(B) Annelida

(C) Platyhelminthes

(D) None of the above

8. Which of the following is not a character of Chordates?

(A) Notochord present

(B) A post-anal metamerically segmented tail

(C) They have a Ventral Heart

(D) None of the above

1. जल संवहनी तंत्र किसमें पाया जाता है?

(A) पोरिफेरा

(B) मोलस्का

(C) इकाइनोडर्मेटा

(D) सीलेन्ट्रेटा

2. किस संघ के जंतुओं में संधिपाद (जुड़े हुए पैर) होते है?

(A) मोलस्का

(B) नेमाटोडा

(C) आर्थ्रोपोडा

(D) एनेलिडा

3. प्लाज्मोडियम के जीवन चक्र में मनुष्य है –

(A) प्राथमिक पोषक

(B) द्वितीयक पोषक

(C) मध्यवर्ती पोषक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. निम्नलिखित में से किस जंतु में रक्त नहीं होता लेकिन वह श्वसन करता है?

(A) तिलचट्टा

(B) केंचुआ

(C) हाइड्रा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से कौन से कशेरूकी बिना दांतों के होते हैं?

(A) जबड़ा रहित मछलियाँ

(B) कछुए और स्थल कछुए

(C) पक्षी

(D) उपरोक्त में से एक से अधिक

6. जीवाश्म आमतौर पर कहाँ पाए जाते हैं?

(A) अवसादी चट्टानों में

(B) आग्नेय चट्टानों में

(C) कायांतरित चट्टानों में

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. "अंग स्तर" का शारीरिक संगठन किस संघ के जंतुओं से शुरू होता है?

(A) एस्केलमिन्थीज

(B) एनेलिडा

(C) प्लैटीहेल्मिन्थीज

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन–सा रज्जुकी (कॉर्डेट्स) का लक्षण नहीं है?

(A) पृष्ठरज्जु (नोटोकॉर्ड) की उपस्थिति

(B) एक पश्च–गुदा खंडीय पूंछ

(C) इनमें अधर हृदय होता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. In which of the following organisms, cellular level of organization is found?

(A) Annelida

(B) Platyhelminthes

(C) Porifers

(D) Protozoans

10. Which one is an egg-laying mammal?

(A) Mongoose

(B) Platypus

(C) Whale

(D) Mole

11. Aves originated from-

(A) Theropod dinosaurs

(B) Osteolepis

(C) Eusthenopteron

(D) Archaeopteryx

12. Living fossil reptile is -

(A) Turtle

(B) Snake

(C) Sphenodon

(D) Crocodile

13. The appearance of first amphibians was during the period of -

(A) Ordovician

(B) Louis Pasteur

(C) Cambrian

(D) Devonian

14. Of the following which animal exhibits retrogressive metamorphosis?

(A) Amphioxus

(B) Herdmania

(C) Balanoglossus

(D) Anguilla

15. Neoteny is observed in -

(A) Sacculina

(B) Sycon

(C) Alytes

(D) Ambystoma

16. Bipinnaria is the larval stage of -

(A) Coelenterata

(B) Mollusca

(C) Echinodermata

(D) Hemichordata

9. निम्नलिखित में से किन जीवों में कोशिकीय स्तर का संगठन पाया जाता है?

(A) एनेलिडा

(B) प्लैटीहेल्मिन्थीज

(C) पोरिफेरा

(D) प्रोटोजोआ

10. निम्नलिखित में से कौन–सा एक अंडा देने वाला स्तनधारी हैं?

(A) नेवला

(B) प्लैटीपस

(C) व्हेल

(D) छछूंदर

11. पक्षियों (एवीज़) की उत्पत्ति किससे हुई है?

(A) थेरोपोड डायनासोर

(B) ऑस्टियोलेपिस

(C) यूस्टेनोप्टेरोन

(D) आर्कियोप्टेरिक्स

12. जीवित जीवाश्म सरीसृप है –

(A) कछुआ

(B) सांप

(C) स्फेनोडोन

(D) मगरमच्छ

13. प्रथम उभयचरों का प्रादुर्भाव किस काल के दौरान हुआ था?

(A) ऑर्डोविशियन

(B) लुई पाश्चर

(C) कैम्ब्रियन

(D) डेवोनियन

14. निम्नलिखित में से कौन–सा जंतु प्रतिगामी कायांतरण प्रदर्शित करता है?

(A) एम्फीओक्सस

(B) हर्डमेनिया

(C) बैलेनोग्लोसस

(D) एंगुइला

15. नियोटेनी (चिरभ्रूणता) किसमें देखी जाती है?

(A) सैकुलिना

(B) साइकन

(C) एलाइट्स

(D) एम्बिस्टोमा

16. बाइपिनेरिया किसकी लार्वा अवस्था है?

(A) सीलेन्ट्रेटा

(B) मोलस्का

(C) इकाइनोडर्मेटा

(D) हेमीकॉर्डेटा

17. Parasitic castration occurs in -

(A) Fasciola

(B) Nereis

(C) Sacculina

(D) Palaemon

18. Peripatus is a connecting link between -

(A) Annelida and Mollusca

(B) Mollusca and Echinodermata

(C) Annelida and Arthropoda

(D) Arthropoda and Mollusca

19. Metamerically segmented body is present in -

(A) Earthworm

(B) Leech

(C) Nereis

(D) All of the above

20. Which of the following nematode is OVO-viviparous?

(A) *Enterobius vermicularis*

(B) *Trichinella spiralis*

(C) *Strongyloides stercoralis*

(D) *Dracunculus medinensis*

21. "Metagenesis" is observed in members of Class _____.

(A) Hydrozoa

(B) Scyphozoa

(C) Anthozoa

(D) All of the above

22. When parasitic protozoa parasitize other protozoan, it is known as _____.

(A) Parasitism

(B) Mutualism

(C) Hyperparasitism

(D) Hypoparasitism

23. *Loa loa* is transmitted through-

(A) *Anopheles*

(B) *Aedes*

(C) Sandflies

(D) Mango flies

24. Scorpions are -

(A) Oviparous

(B) Viviparous

(C) Ovoviviparous

(D) All of the above

17. परजीवी बंध्याकरण किसमें होता है?

(A) फैसियोला

(B) नेरीस

(C) सैकुलिना

(D) पैलामोन

18. पेरिपेटस किसके बीच की योजक कड़ी है?

(A) एनेलिडा और मोलस्का

(B) मोलस्का और इकाइनोडर्मेटा

(C) एनेलिडा और आर्थ्रोपोडा

(D) आर्थ्रोपोडा और मोलस्का

19. विखंडी रूप से खंडित शरीर किसमें पाया जाता है?

(A) केंचुआ

(B) जोंक

(C) नेरीस

(D) उपरोक्त सभी

20. निम्नलिखित में से कौन–सा 'अंडजरायुज' (ओवो–विविपेरस) निमेटोड हैं?

(A) *एंटरोबियस वर्मीकुलरिस*

(B) *ट्राइचिनेला स्पाइरलिस*

(C) *स्ट्रॉन्गिलोइड्स स्टेरकोरलिस*

(D) *ड्रैकुनकुलस मेडिनेन्सिस*

21. "मेटाजेनेसिस" किस वर्ग के सदस्यों में देखा जाता है?

(A) हाइड्रोज़ोआ

(B) स्काइफ़ोज़ोआ

(C) एंथोज़ोआ

(D) उपरोक्त सभी

22. जब परजीवी प्रोटोजोआ अन्य प्रोटोजोआ पर परजीवी होते हैं, तो इसे क्या कहा जाता है?

(A) परजीविता

(B) सहोपकारिता

(C) अतिपरजीविता

(D) अल्पपरजीविता

23. '*लोआ लोआ*' किसके माध्यम से फैलता है?

(A) *एनोफिलीज*

(B) *एडीज*

(C) बालू मक्खी

(D) मैंगो मक्खी

24. बिच्छू होते हैं–

(A) अंडज

(B) जरायुज

(C) अंडजरायुज

(D) उपरोक्त सभी

1015925 1015925 1015925

25. Which of the following is a warm-blooded?

(A) Pigeon

(B) Crocodile

(C) Toad

(D) Fish

26. Which among the following places come under the UNESCO World Heritage sites list?

(A) Jim Corbett National Park

(B) Nanda Devi and Valley of Flowers National Park

(C) Raja Ji National Park

(D) None of the above

27. In which of the following places is the Vulture conservation and Breeding Centre located?

(A) Pushkar

(B) Pinjore

(C) Agra

(D) None of the above

28. Which of the following is the largest 'Carbon Sink' on Earth?

(A) Forests

(B) Soils

(C) Ocean

(D) Animals

29. Which among the following is related to the "Nagoya Protocol"?

(A) Pharmaceutical Industry

(B) Biodiversity

(C) International Finance

(D) Ozone Depletion

30. Enrichment of water bodies by nutrients that causes great damage to the ecosystem.

(A) Evapotranspiration

(B) Photoperiodism

(C) Eutrophication

(D) Greenhouse Effect

1015925

25. निम्नलिखित में से कौन–सा एक गर्म रक्त वाला प्राणी है?

(A) कबूतर

(B) मगरमच्छ

(C) दादुर

(D) मछली

26. निम्नलिखित में से कौन–सा स्थान यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में आता है?

(A) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

(B) नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान

(C) राजा जी राष्ट्रीय उद्यान

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

27. गिद्ध संरक्षण और प्रजनन केंद्र निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?

(A) पुष्कर

(B) पिंजौर

(C) आगरा

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. पृथ्वी पर सबसे बड़ा 'कार्बन अवशोषक' (कार्बन सिंक) निम्नलिखित में से कौन–सा है?

(A) वन

(B) मिट्टी

(C) महासागर

(D) पशु

29. निम्नलिखित में से किसका संबंध "नागोया प्रोटोकॉल" से हैं?

(A) औषधि उद्योग

(B) जैव विविधता

(C) अंतर्राष्ट्रीय वित्त

(D) ओजोन क्षरण

30. पोषक तत्वों द्वारा जलाशयों की प्रचुरता पारिस्थितिकी तंत्र को भारी नुकसान पहुँचाती है :

(A) वाष्पोत्सर्जन

(B) दीप्तिकालिता

(C) सुपोषण

(D) हरितगृह प्रभाव

31. Which of the following is NOT a greenhouse gas?

(A) Methane

(B) Nitrous Oxide

(C) Carbon Dioxide

(D) Nitrogen

32. In the energy-flow diagram of an ecosystem, the flow of energy comes to herbivores from:

(A) Sunlight

(B) Carnivores

(C) Producers

(D) None of the above

33. What is the full form of R in RSPM?

(A) Recyclable

(B) Respiratory

(C) Reactive

(D) Reusable

34. What is the primary cause of ocean acidification?

(A) Absorption of CO_2 by sea-water

(B) Overfishing

(C) Increase in sea-water temperature

(D) Oil spills

35. The state in which the "Jim Corbett National Park" is located at:

(A) Rajasthan

(B) Uttar Pradesh

(C) Gujarat

(D) Uttarakhand

36. The endogenous rhythms usually falling short of 24-hour periodicity are called -

(A) Circannual

(B) Circadian

(C) Seasonal

(D) Lunar

37. Before going out to gather food, honey bees indulge in one of the following acts -

(A) Perform a dance

(B) Take a long rest

(C) Feed upon royal jelly

(D) Make many short-distance flights

38. Which hormone plays a crucial role in social bonding, sexual reproduction and childbirth?

(A) Oxytocin

(B) Melatonin

(C) Adrenaline

(D) None of the above

31. निम्नलिखित में से कौन–सी 'हरितगृह गैस' नहीं है?

(A) मीथेन

(B) नाइट्रस ऑक्साइड

(C) कार्बन डाइऑक्साइड

(D) नाइट्रोजन

32. पारिस्थितिकी तंत्र के ऊर्जा–प्रवाह आरेख में, शाकाहारियों को ऊर्जा कहाँ से प्राप्त होती है?

(A) सूर्य का प्रकाश

(B) मांसाहारी

(C) उत्पादक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. RSPM में 'R' का पूरा नाम क्या है?

(A) पुनर्चक्रण योग्य

(B) श्वसनीय

(C) प्रतिक्रियाशील

(D) पुनः प्रयोज्य

34. महासागरीय अम्लीकरण का प्राथमिक कारण क्या है?

(A) समुद्री जल द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण

(B) अत्यधिक मछली पकड़ना

(C) समुद्री जल के तापमान में वृद्धि

(D) तेल का रिसाव

35. वह राज्य जिसमें "जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान" स्थित है :

(A) राजस्थान

(B) उत्तर प्रदेश

(C) गुजरात

(D) उत्तराखंड

36. अंतर्जात लय जो आमतौर पर 24 घंटे की अवधि से कम होती है, कहलाती है –

(A) वार्षिक (सर्कमएनुअल)

(B) दैनिक (सार्केडियन)

(C) मौसमी

(D) चंद्र

37. भोजन एकत्र करने के लिए बाहर जाने से पहले, मधुमक्खियाँ निम्नलिखित में से कौन–सा कार्य करती हैं?

(A) नृत्य करना

(B) लंबा विश्राम करना

(C) रॉयल जेली का सेवन करना

(D) कई कम दूरी की उड़ानें भरना

38. कौन–सा हार्मोन सामाजिक मेलजोल, यौन प्रजनन और प्रसव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

(A) ऑक्सीटोसिन

(B) मेलाटोनिन

(C) एड्रेनालाईन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

39. The level of specificity of signals may be -

(A) Species-specific

(B) Individually specific

(C) Anonymous

(D) All of the above

40. Chemicals used for communication between conspecifics are called -

(A) Pheromones

(B) Kairomones

(C) Allomones

(D) All of the above

41. For computation of 'F' value in one-way ANOVA, what is the final procedural step?

(A) Finding out within sum of squares

(B) Finding out the between sum of squares

(C) Finding out the ratio of within and between sum of squares

(D) Finding out the ratio of between and within variance

42. The coefficient of correlation is the _____ of coefficient of regression.

(A) Reciprocal of product

(B) Arithmetic mean

(C) Geometric mean

(D) None of the above

43. What is the mean of a Chi-square distribution with 6 degrees of freedom?

(A) 4

(B) 12

(C) 6

(D) 8

44. Standard deviation:

(A) It is the square root of variance

(B) It is measured using the unit of variables

(C) It is measured in the squared unit of the variable

(D) It is the square of variables

39. संकेतों की विशिष्टता का स्तर हो सकता है –

(A) प्रजाति–विशिष्ट

(B) व्यक्तिगत रूप से विशिष्ट

(C) अनाम

(D) उपरोक्त सभी

40. एक ही प्रजाति के सदस्यों के बीच संचार के लिए उपयोग किए जाने वाले रसायनों को कहा जाता है –

(A) फेरोमोन

(B) कैरोमोन

(C) एलोमोन

(D) उपरोक्त सभी

41. एक–मार्गी प्रसरण विश्लेषण (one-way ANOVA) में 'F' मान की गणना के लिए अंतिम प्रक्रियात्मक चरण क्या हैं?

(A) समूहों के भीतर के वर्गों के योग का पता लगाना

(B) समूहों के बीच के वर्गों के योग का पता लगाना

(C) समूहों के भीतर और बीच के वर्गों के योग के अनुपात का पता लगाना

(D) समूहों के बीच और भीतर के प्रसरण के अनुपात का पता लगाना

42. सहसंबंध गुणांक, प्रतिगमन गुणांक का ______ होता है।

(A) गुणनफल का व्युत्क्रम

(B) अंकगणितीय माध्य (समांतर माध्य)

(C) ज्यामितिय माध्य (गुणोत्तर माध्य)

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

43. 6 स्वातंत्र्य कोटि (degrees of freedom) वाले काई–वर्ग (Chi-square) वितरण का माध्य क्या है?

(A) 4

(B) 12

(C) 6

(D) 8

44. मानक विचलन :

(A) यह प्रसरण का वर्गमूल है

(B) इसे चरों की इकाई का उपयोग करके मापा जाता है

(C) इसे चर की वर्ग इकाई में मापा जाता है

(D) यह चरों का वर्ग है

45. A researcher samples n individuals randomly from a population of blackbucks and identify their sex. The number of females in the sample follows -

(A) An exponential distribution

(B) A binomial distribution

(C) A Poisson distribution

(D) A normal distribution

46. Identify an endoparasite found in animals.

(A) Pleurobrachia

(B) Ctenoplana

(C) Flatworms

(D) Adamsia

47. Which one of the following pathogens does not have the ability to survive within macrophages?

(A) Schistosoma Mansoni

(B) Mycobacterium tuberculosis

(C) Listeria monocytogenes

(D) Leishmania donovani

48. Khapra Beetle is a pest of -

(A) Seedling

(B) Standing Crop

(C) Vine plants

(D) Stored grain

49. Due to prolonged domestication, silkworms are primarily vulnerable to infections because they have:

(A) Increased adaptability

(B) Enhanced immunity

(C) Reduced immunity and adaptability

(D) Genetic mutation

50. National Fisheries Development Board is located in _____.

(A) Hyderabad

(B) Goa

(C) Mumbai

(D) Chennai

51. The first successful induced breeding on major carps was done by -

(A) Dr. Khan

(B) Dr. Hiralal Choudhuri

(C) Dr. Ramaswamy

(D) Dr. Parmeswaran

45. एक शोधकर्ता कृष्णमृगों की समष्टि से 'n' जीवों का यादृच्छिक रूप से चयन करता है और उनके लिंग की पहचान की जाती है। नमूने में मादाओं की संख्या निम्नलिखित का अनुसरण करती है –

(A) घातांकीय वितरण

(B) द्विपद वितरण

(C) पोंयसां वितरण

(D) सामान्य वितरण

46. जंतुओं में पाए जाने वाले एक अंतःपरजीवी की पहचान करें।

(A) प्लुरोब्रैकिया

(B) टीनोप्लाना

(C) चपटे कृमि (फ्लैटवर्म्स)

(D) एडमसिआ

47. निम्नलिखित में से किस रोगजनक में महाभक्षकाणु (macrophages) के भीतर जीवित रहने की क्षमता नहीं होती है?

(A) <u>सिस्टोसोमा</u> <u>मैनसोनी</u>

(B) <u>माइकोबैक्टीरियम</u> <u>ट्युबरकुलोसिस</u>

(C) <u>लिस्टेरिया</u> <u>मोनोसाइटोजेन्स</u>

(D) <u>लीशमैनिया</u> <u>डोनोवानी</u>

48. खपरा भृंग किसका नाशक जीव है?

(A) अंकुर

(B) खड़ी फसल

(C) लता वाले पौधे

(D) भंडारित अनाज

49. लंबे समय तक पालतू बनाए जाने के कारण, रेशम के कीड़े मुख्य रूप से संक्रमण के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि उनमें होती है :

(A) बढ़ी हुई अनुकूलन क्षमता

(B) बेहतर रोग प्रतिरोधक शक्ति

(C) कम रोग प्रतिरोधक शक्ति और अनुकूलन क्षमता

(D) आनुवंशिक परिवर्तन

50. 'राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड' कहाँ स्थित है?

(A) हैदराबाद

(B) गोवा

(C) मुंबई

(D) चेन्नई

51. प्रमुख कार्प मछलियों पर पहला सफल कृत्रिम प्रजनन किसके द्वारा किया गया था?

(A) डॉ. खान

(B) डॉ. हीरालाल चौधरी

(C) डॉ. रामास्वामी

(D) डॉ. परमेश्वरन

52. The process of copying genetic information from one strand of DNA into RNA is termed as -

(A) Translation

(B) Transcription

(C) Replication

(D) Duplication

53. Which one of the following is the characteristic of Genetic code?

(A) It is a triplet

(B) It is Random

(C) It is Non-overlapping

(D) None of the above

54. What is the main function of Ribosome in a cell?

(A) Protein synthesis

(B) DNA Replication

(C) Enzyme production

(D) Lipid synthesis

55. Plasma membrane is composed of -

(A) Protein

(B) Phospholipids and Proteins

(C) Proteins, Carbohydrates and Phospholipids

(D) Lipid

56. What is the name of the particles that are located in the cristae and inner part of the mitochondrial membrane?

(A) Oxysomes

(B) Thylakoid

(C) Grana

(D) None of the above

57. Which cell organelles have their own DNA and Ribosomes?

(A) Golgi body and Endoplasmic Reticulum

(B) Mitochondria and Plastids

(C) Lysosome and Golgi body

(D) Vacuole and Plastids

58. What is cellular differentiation?

(A) Division of cells

(B) Process of cells becoming specialized

(C) Growth of cells

(D) Elimination of cells

52. आनुवंशिक सूचनाओं को डी. एन. ए. की एक लड़ी से आर. एन.ए. में उतारने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

(A) अनुवाद

(B) अनुलेखन

(C) प्रतिलिपिकरण

(D) दोहराव

53. निम्नलिखित में से कौन–सी आनुवंशिक कूट की विशेषता है?

(A) यह त्रिक है

(B) यह अनियत है

(C) यह गैर–अतिव्यापी है

(D) इनमें से कोई नहीं

54. कोशिका में राइबोसोम का मुख्य कार्य क्या है?

(A) प्रोटीन निर्माण

(B) डी.एन.ए. प्रतिलिपिकरण

(C) किण्वक उत्पादन

(D) वसा निर्माण

55. कोशिका झिल्ली किससे बनी होती है?

(A) प्रोटीन

(B) फॉस्फोलिपिड और प्रोटीन

(C) प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फॉस्फोलिपिड

(D) लिपिड

56. सूत्रकणिक झिल्ली के आंतरिक भाग और क्रिस्टी में स्थित कणों का नाम क्या है?

(A) ऑक्सीसोम

(B) थायलाकोइड

(C) ग्रेना

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. किन कोशिकांगों में अपना स्वयं का डी.एन.ए. और राइबोसोम होता है?

(A) गॉल्जी काय और अंत:प्रद्रव्यी जालिका

(B) सूत्रकणिका और लवक

(C) लयनकाय और गॉल्जी काय

(D) रसधानी और लवक

58. कोशिकीय विभेदन क्या है?

(A) कोशिकाओं का विभाजन

(B) कोशिकाओं के विशिष्ट बनने की प्रक्रिया

(C) कोशिकाओं की वृद्धि

(D) कोशिकाओं का उन्मूलन

59. Which one of the following is type of intercellular junction in animal cells?

(A) Middle lamella

(B) Plasmodesmata

(C) Desmosomes

(D) None of the above

60. Down Syndrome, a congenital disorder in human beings, is caused by -

(A) an extra X chromosome

(B) trisomy of chromosome 18

(C) trisomy of chromosome 21

(D) None of the above

61. The techniques of ______ overcome the limitations of traditional hybridization procedures.

(A) Immunology

(B) Modern Hybridization

(C) Genetic Engineering

(D) None of the above

62. Restriction enzymes are -

(A) Ligases

(B) Sticky ends

(C) Molecular Scissors

(D) None of the above

63. Plasmid DNA act as _____ to transfer the piece of DNA attached to it into host organism.

(A) Protein

(B) Carrier

(C) Vector

(D) None of the above

64. Making multiple copies of the desired DNA template is called _____.

(A) Cloning

(B) r-DNA Technology

(C) Genetic Engineering

(D) None of the above

65. Cytoplasmic inheritance is due to:

1. Mitochondria

2. Cilia

3. Cytoplasmic particles

4. Cell wall

(A) 2 and 4 correct

(B) 1 and 3 correct

(C) 1, 2 and 3 are correct

(D) 1 and 2 are correct

59. निम्नलिखित में से कौन–सा जंतु कोशिकाओं में अंतरकोशिकीय जोड़ का एक प्रकार है?

(A) मध्य पटलिका

(B) जीवद्रव्य तंतु

(C) डेस्मोसोम

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

60. डाउन सिंड्रोम, जो मनुष्यों में एक जन्मजात विकार है, किसके कारण होता है?

(A) एक अतिरिक्त एक्स गुणसूत्र

(B) गुणसूत्र 18 की त्रिसूत्रता

(C) गुणसूत्र 21 की त्रिसूत्रता

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. _______ की तकनीकें पारंपरिक संकरण प्रक्रियाओं की सीमाओं को दूर करती हैं।

(A) रोगक्षमता विज्ञान

(B) आधुनिक संकरण

(C) आनुवंशिक अभियांत्रिकी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

62. रेस्ट्रिक्शन एंजाइम क्या हैं?

(A) लाइगेज

(B) चिपचिपे सिरे

(C) आणविक कैंची

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

63. प्लाज्मिड डी.एन.ए. स्वयं से जुड़े डी.एन.ए. के टुकड़े को मेजबान जीव में स्थानांतरित करने के लिए ______ के रूप में कार्य करता है।

(A) प्रोटीन

(B) वाहक

(C) संवाहक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

64. इच्छित डी.एन.ए. सांचे की कई प्रतियां बनाने की प्रक्रिया को ______ कहा जाता है।

(A) क्लोनिंग

(B) आर–डी.एन.ए. तकनीक

(C) आनुवंशिक अभियांत्रिकी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

65. कोशिकाद्रव्यी वंशागति किसके कारण होती है?

1. सूत्रकणिका (माइटोकॉन्ड्रिया)

2. पक्ष्माभ (सिलिया)

3. कोशिकाद्रव्यी कण

4. कोशिका भित्ति

(A) 2 और 4 सही हैं

(B) 1 और 3 सही हैं

(C) 1, 2 और 3 सही हैं

(D) 1 और 2 सही हैं

66. Evolution of life shows that life forms had a trend of moving from -

(A) Land to Water

(B) Freshwater to Sea water

(C) Water to Land

(D) None of the above

67. Analogous organs arise due to -

(A) Divergent Evolution

(B) Artificial Selection

(C) Convergent Evolution

(D) None of the above

68. Variation during Mutation of meiotic recombination are -

(A) Random and directionless

(B) Random and directional

(C) Random and Small

(D) None of the above

69. AIDS is caused by the Human Immunodeficiency Virus (HIV). The HIV infection-transmission generally occurs through -

(A) Eating contaminated food & water

(B) Transfusion of contaminated blood

(C) Shaking hand with infected person

(D) Hugging with infected patient

70. Which of the following polymer is stored in the liver of animals?

(A) Amylose

(B) Amylopectin

(C) Glycogen

(D) None of the above

71. Which Acid is classified as a Vitamin?

(A) Aspartic Acid

(B) Adipic Acid

(C) Ascorbic Acid

(D) None of the above

66. जीवन का विकास दर्शाता है कि जीवन के रूपों में ______ की ओर बढ़ने की प्रवृत्ति थी।

(A) थल से जल

(B) मीठे पानी से समुद्री जल

(C) जल से थल

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

67. समवृत्ति अंग किसके कारण उत्पन्न होते हैं?

(A) अपसारी विकास

(B) कृत्रिम चयन

(C) अभिसारी विकास

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

68. उत्परिवर्तन और अर्धसूत्री पुनर्संयोजन के दौरान होने वाली विभिन्नताएं होती हैं –

(A) यादृच्छिक और दिशाहीन

(B) यादृच्छिक और दिशात्मक

(C) यादृच्छिक और सूक्ष्म

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. एड्स (AIDS) 'मानव प्रतिरक्षा न्यूनता विषाणु' (HIV) के कारण होता है। एचआईवी संक्रमण का संचरण सामान्यतः किसके माध्यम से होता है?

(A) दूषित भोजन और पानी के सेवन से

(B) दूषित रक्त के आधान (चढ़ाने) से

(C) संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने से

(D) संक्रमित रोगी के गले लगने से

70. निम्नलिखित में से कौन–सा बहुलक (पॉलीमर) जंतुओं के यकृत (लीवर) में संचित होता है?

(A) एमाइलोज़

(B) एमाइलोपेक्टिन

(C) ग्लाइकोजन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

71. किस अम्ल (एसिड)को विटामिन के रूप में वर्गीकृत किया गया है?

(A) एस्पार्टिक अम्ल

(B) एडिपिक अम्ल

(C) एस्कॉर्बिक अम्ल

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. BCG vaccination (Bacillus Calmette-Guérin) is injected to get immunity from -

(A) Tuberculosis

(B) Polio

(C) Jaundice

(D) None of the above

73. The Heart Beat is controlled by a nodal tissue made up of specialized Cardiac Muscle called:

(A) MYONEMES

(B) Purkinje Fibres

(C) Telodendrites

(D) SA Node

74. Chloride shift is essential for transport of -

(A) O_2 and CO_2

(B) N_2

(C) CO_2

(D) O_2

75. Synthesis of Urea in Liver takes place by -

(A) Kori's Cycle

(B) Krebs Cycle

(C) Ornithine Cycle

(D) None of the above

76. The Kidney regulates Acid-Base Balance by each of the following except -

(A) Active reabsorption of H+ and excreting ammonium salts

(B) Reabsorbing filtered Bicarbonates

(C) Acidifying the urine by H+Secretion

(D) Both (B) & (C)

77. What is the mechanism by which infection causes fever?

(A) Increased heat production and decreased heat loss

(B) Pyrogens acting independent of Hypothalamus

(C) Decreased heat production and decreased heat loss

(D) None of the above

78. Vitamin necessary for blood clotting is -

(A) A

(B) D

(C) K

(D) E

72. बीसीजी (BCG) टीकाकरण (बैसिलस कैलमेट–गुएरिन) किससे प्रतिरक्षा प्राप्त करने के लिए लगाया जाता है?

(A) तपेदिक/क्षय रोग (टीबी)

(B) पोलियो

(C) पीलिया

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

73. हृदय की धड़कन एक नोडल ऊतक (nodal tissue) द्वारा नियंत्रित होती है, जो विशिष्ट हृदय पेशी से बना होता हैं, जिसे कहते है :

(A) मायोनीम्स

(B) पुरकिंजे तंतु

(C) टेलोडेंड्राइट्स

(D) एसए नोड

74. क्लोराइड शिफ्ट किसके परिवहन के लिए आवश्यक है?

(A) O_2 और CO_2

(B) N_2

(C) CO_2

(D) O_2

75. यकृत में यूरिया का संश्लेषण किसके द्वारा होता है?

(A) कोरी चक्र

(B) क्रेब्स चक्र

(C) ऑर्निथिन चक्र

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

76. वृक्क निम्नलिखित में से किसके अतिरिक्त प्रत्येक के द्वारा अम्ल–क्षार संतुलन को नियंत्रित करता है?

(A) हाइड्रोजन आयन का सक्रिय पुनरावशोषण और अमोनियम लवण का उत्सर्जन

(B) छने हुए बाइकार्बोनेट का पुनरावशोषण

(C) हाइड्रोजन आयन स्त्राव द्वारा मूत्र को अम्लीय बनाना

(D) (B) और (C) दोनों

77. संक्रमण के कारण बुखार होने की प्रक्रिया क्या है?

(A) ऊष्मा उत्पादन में वृद्धि और ऊष्मा की हानि में कमी

(B) अधश्चेतक से स्वतंत्र कार्य करने वाले पायरोजेन्स

(C) ऊष्मा उत्पादन में कमी और ऊष्मा की हानि में कमी

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. रक्त का थक्का जमने के लिए आवश्यक विटामिन है –

(A) A

(B) D

(C) K

(D) E

1015925

79. Which of the following blood group is a 'Universal Donor'?

(A) O

(B) A

(C) B

(D) AB

80. Hormone Cholecystokinin (CCK), released from mucosa of jejunum stimulates ______.

(A) Secretion of bile from Gall Bladder

(B) Secretion of Gastric juice

(C) Conversion of Proteins into peptones

(D) Conversion of Fat into Glycerol

81. Chemical Transmission of Nerve Impulse from one neuron to another at a synapse, or from a neuron to muscle is by-

(A) Cholesterol

(B) Acetylcholine

(C) Cholecystokinin

(D) ATP

82. One of the following element is essential for Contraction of muscles ______.

(A) Na+

(B) MN++

(C) K+

(D) Ca++

83. Functional Unit involved in absorption of digested food is:

(A) Peyer's Patch

(B) Brunner's Gland

(C) Crypts of Lieberkuhn

(D) Villus

84. Pheromones are chemicals that are used in animals for -

(A) Sex Attractants

(B) Sending alarm signals

(C) Marking trails

(D) All of the above

85. What are the finger-like projections of trophoblast called?

(A) Endometrium

(B) Placenta

(C) Chorionic villi

(D) None of the above

1015925

79. निम्नलिखित में से कौन–सा रक्त समूह 'सार्वभौमिक दाता' (Universal Donor) है?

(A) O

(B) A

(C) B

(D) AB

80. मध्यांत्र की श्लेष्मा झिल्ली से निकलने वाला हार्मोन कोलेसिस्टोकाइनिन किसे उत्तेजित करता है?

(A) पित्ताशय से पित्त का स्राव

(B) जठर रस का स्राव

(C) प्रोटीन का पेप्टोन में परिवर्तन

(D) वसा का ग्लिसरॉल में परिवर्तन

81. एक सिनैप्स पर एक तंत्रिका कोशिका से दूसरी तंत्रिका कोशिका तक, या एक तंत्रिका से पेशी तक तंत्रिका आवेग का रासायनिक संचरण किसके द्वारा होता है?

(A) कोलेस्ट्रॉल

(B) एसिटाइलकोलाइन

(C) कोलेसिस्टोकाइनिन

(D) एटीपी

82. मांसपेशियों के संकुचन के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा तत्व आवश्यक है?

(A) Na^{+}

(B) MN^{++}

(C) K^{+}

(D) Ca^{++}

83. पचे हुए भोजन के अवशोषण में शामिल कार्यात्मक इकाई है:

(A) पेयर पैच

(B) ब्रूनर ग्रंथि

(C) लिबरकुहन की दरारें

(D) रसांकुर

84. फेरोमोन ऐसे रसायन हैं जिनका उपयोग जंतुओं में किसके लिए किया जाता है?

(A) यौन आकर्षण

(B) खतरे के संकेत भेजना

(C) मार्ग चिह्नित करना

(D) उपरोक्त सभी

85. पोषककोरक के अंगुलीनुमा प्रवधों को क्या कहा जाता है?

(A) गर्भाशय अंतःस्तर

(B) अपरा

(C) जरायु अंकुर

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

86. Which hormone is produced by ovary only during pregnancy?

(A) Progesterone

(B) Chorionic gonadotrophin

(C) Relaxin

(D) None of the above

87. What is the pattern of Cleavage observed in mammals?

(A) Radial

(B) Spiral

(C) Rotational

(D) None of the above

88. The correct sequence of process of development after fertilization and cleavage is -

(A) Gastrulation-Organogenesis-Growth

(B) Organogenesis-Gastrulation-Growth

(C) Gastrulation-Blastulation-Growth

(D) None of the above

89. Which molecule is the final electron acceptor in the electron transport chain?

(A) NAD+

(B) FAD

(C) Oxygen (O_2)

(D) Water (H_2O)

90. The embryo with 8 to 16 blastomeres is -

(A) Blastula

(B) Polar body

(C) Morula

(D) None of the above

91. Which of the following tissue develops from the ectoderm of the embryo?

(A) Nervous Tissue

(B) Muscular Tissue

(C) Connective Tissue

(D) None of the above

92. Which of the following is NOT a component of the mature placental barrier?

(A) The endothelial lining of foetal capillaries

(B) The Cytotrophoblast

(C) The Syncytiotrophoblast

(D) The basement membrane of foetal capillaries

93. The part of the sperm containing proteolytic enzyme to digest the Zona pellucida is the -

(A) Capacitor

(B) Head

(C) Corona

(D) Acrosome

1101592511015925

86. केवल गर्भावस्था के दौरान अंडाशय द्वारा कौन–सा हार्मोन उत्पन्न होता है?

(A) प्रोजेस्टेरोन

(B) जरायु गोनाडोट्रोपिन

(C) रिलैक्सिन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

87. स्तनधारियों में विदलन का कौन–सा स्वरूप देखा जाता है?

(A) अरीय

(B) सर्पिल

(C) घूर्णन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

88. निषेचन और विदलन के बाद विकास की प्रक्रिया का सही क्रम हैं –

(A) कंदुकन–अंगजनन–वृद्धि

(B) अंगजनन–कंदुकन–वृद्धि

(C) कंदुकन–कोरकभवन–वृद्धि

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

89. इलेक्ट्रॉन परिवहन श्रृंखला में अंतिम इलेक्ट्रॉन ग्राही कौन–सा अणु है?

(A) NAD+

(B) FAD

(C) Oxygen (O_2)

(D) Water (H_2O)

90. 8 से 16 कोरकखंडों वाला भ्रूण कहलाता है –

(A) कोरकपुटी

(B) ध्रुवीय काय

(C) तूंतक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

91. निम्नलिखित में से कौन–सा ऊतक भ्रूण की बाह्यत्वचा से विकसित होता है?

(A) तंत्रिका ऊतक

(B) पेशी ऊतक

(C) संयोजी ऊतक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

92. निम्नलिखित में से कौन परिपक्व अपरा अवरोध का घटक नहीं हैं?

(A) भ्रूण की कोशिकाओं का अंतःस्तर अस्तर

(B) कोशिकीय पोषकोरक

(C) संकोशिकीय पोषकोरक

(D) भ्रूण की कोशिकाओं की आधार झिल्ली

93. शुक्राणु का वह भाग जिसमें जोना पेलुसिडा को पचाने के लिए प्रोटीन–अपघटनी किण्वक (एंजाइम) होता है, वह है–

(A) संधारित्र (कैपेसिटर)

(B) शीर्ष

(C) कोरोना

(D) अग्रपिंडक (एकरोसोम)

94. _____ Speciation occurs when a species separates into two separate groups which are isolated from one another.

(A) Allopatric

(B) Peripatric

(C) Parapatric

(D) Sympatric

95. Two Zoogeographical regions, separated by Sahara Desert are:

(A) Ethiopian and Palearctic

(B) Neotropical and Nearctic

(C) Oriental and Australian

(D) Australian and Antarctic

96. What is the Hardy-Weinberg Equation?

(A) $p^2 + q^2 = 1$

(B) $p^2 + q^{22} = 1$

(C) $p^2 + q^2 = 0$

(D) $p^2 + 2pq + q^2 = 1$

97. The factor that leads to founder effect in a population is:

(A) Genetic Drift

(B) Natural Selection

(C) Genetic recombination

(D) Mutation

98. 'Inheritance of Acquired characters' was the main point of :

(A) Darwin's theory

(B) H. De vries's theory

(C) Lamarck's theory

(D) Wallace's theory

99. Who proposed that Chemical evolution preceded biological evolution?

(A) Oparin and Haldane

(B) Pasteur and Miller

(C) Darwin and Wallace

(D) None of the above

100. When two mutants having the same phenotype were crossed, the progeny obtained showed a wild-type phenotype. Thus the mutations are -

(A) Non-allelic

(B) Allelic

(C) Segregating from each other

(D) Independently asserting (assorting)

94. ______ जाति–उद्भवन तब होता है जब एक प्रजाति दो अलग–अलग समूहों मे विभाजित हो जाती है जो एक–दूसरे से पूरी तरह अलग–थलग हो जाते हैं।

(A) विस्थानिक (एलोपैट्रिक)

(B) परिस्थानिक (पेरिपैट्रिक)

(C) पार्श्वस्थानिक (पैरापैट्रिक)

(D) समस्थानिक (सिमपैट्रिक)

95. सहारा मरूस्थल द्वारा अलग किए गए दो प्राणी–भौगोलिक क्षेत्र हैं :

(A) इथियोपियन और पेलियार्कटिक

(B) नियोट्रोपिकल और नियरक्टिक

(C) ओरिएंटल और ऑस्ट्रेलियन

(D) ऑस्ट्रेलियन और अंटार्कटिक

96. हार्डी–वेनबर्ग समीकरण क्या है?

(A) $p^2 + q^2 = 1$

(B) $p^2 + q^{22} = 1$

(C) $p^2 + q^2 = 0$

(D) $p^2 + 2pq + q^2 = 1$

97. वह कारक जो जनसंख्या में 'संस्थापक प्रभाव' (फाउंडर इफेक्ट) उत्पन्न करता है, वह है :

(A) आनुवंशिक विचलन

(B) प्राकृतिक चयन

(C) आनुवंशिक पुनर्संयोजन

(D) उत्परिवर्तन

98. 'अर्जित लक्षणों की वंशागति' किसका मुख्य सिद्धांत था?

(A) डार्विन का सिद्धांत

(B) ह्यूगो डी व्रीज का सिद्धांत

(C) लैमार्क का सिद्धांत

(D) वालेस का सिद्धांत

99. किसने प्रस्तावित किया कि रासायनिक विकास, जैविक विकास से पहले हुआ था?

(A) ओपेरिन और हाल्डेन

(B) पाश्चर और मिलर

(C) डार्विन और वालेस

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

100. जब समान लक्षणप्ररूप वाले दो उत्परिवर्तियों का संकरण कराया गया, तो प्राप्त संतति ने वन्य–प्रकार का लक्षणप्ररूप प्रदर्शित किया। अत: ये उत्परिवर्तन हैं –

(A) गैर–युग्मविकल्पी

(B) युग्मविकल्पी

(C) एक–दूसरे से पृथक होना

(D) स्वतंत्र रूप से अपव्यूहन

52/GA/CC/M-2026-28

पुस्तिका श्रृंखला

A

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

प्रश्न–पुस्तिका

प्राणीशास्त्र

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 100

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।

महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि प्रश्न–पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 30 और 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
6. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्नों के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा।
7. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
8. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है।
9. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
10. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
12. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

Note : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.